  - 2 अक्टूबर 2023 को विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह उपस्थित थे।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - सीडीआरआई के कर्मचारियों और छात्रों के लिए दिनांक 12-10-2023 को सीएसआईआर-फिनोम मिशन जागरूकता बैठक पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - 30 सितंबर से 01 अक्टूबर, 2023 तक बिट्स-पिलानी और वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ वीएलएसआई डिजाइन और टेस्टिंग (वीडीएटी-2023) पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - डिपार्टमेंट ऑफ फिज़िकल केमिस्ट्री स्कूल ऑफ केमिकल साइंस, यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास ने सोसाइटी फॉर पॉलिमर साइंस, इंडिया (एसपीएसआई) और सीएसआईआर-सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीएसआईआर-सीएलआरआई), चेन्नई के साथ संयुक्त रूप से पॉलिमर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एपीएसटी-2023) में प्रगति पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का 04 अक्टूबर 2023 को आयोजन किया।
  - चमड़ा उद्योग में प्रक्रिया मॉडलिंग और गंध नियंत्रण के सम्बन्ध में चीफ साइंटिस्ट डॉ. आरसी पांडा के योगदान के लिए उनको सम्मानित करने की दृष्टि से 06 अक्टूबर 2023 को प्रक्रिया मॉडलिंग, पहचान और नियंत्रण (एमटीपीएमआईसी) में आधुनिक परिपाटियों पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार सत्र के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।
    - प्रो. एम. चिदम्बरम, (सेवानिवृत्त) केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास ने सिस्टम आइडेंटिफिकेशन्स पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
    - प्रो. टी. त्यागराजन, एमेरिटस प्रोफेसर, इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग, एमआईटी कैंपस, ने रिले फीडबैक से शेप इंफर्मेशन का उपयोग करके एसआईएसओ सिस्टम्स की ऑटोट्यूनिंग पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

        - पुडुचेरी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. एस. सुंदरमूर्ति ने सिंगल टैंक ऐक्टीवेटेड स्लग प्रॉसेस के इष्टतम नियंत्रण पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
        - प्रोफेसर संजय घोष, बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी रूड़की ने किण्वकों के अनुकूलन और नियंत्रण पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
        - डॉ. डी. कल्पना, सहायक प्रोफेसर, इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग, अन्ना विश्वविद्यालय ने रिले फीडबैक का उपयोग करके एमआईएमओ सिस्टम की ऑटोट्यूनिंग पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
    - प्रोफेसर डॉ. सुरेश सुब्रमणि, डिपार्टमेंट ऑफ मॉलिक्युलर बायोलॉजी, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो, संयुक्त राज्य अमेरिका के डिस्टिंगुइश्ड प्रोफेसर एमेरिटस ने 11 अक्टूबर 2023 को ह्यून पेरोक्सिसोम बायोजेनेसिस विकारों हेतु क्रियाविधि और संभावित उपचार के लिए एक मॉडल ऑर्गेनिज़्म के रूप में पिचिया पास्टोरिस पर अपनी प्रस्तुति के साथ सीएलआरआई के स्टाफ को प्रबुद्ध किया।
    - प्रो. नीरज सिन्हा, डीन, सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर), लखनऊ ने 12 अक्टूबर, 2023 को कार्टिलेज में हड्डियों में कोलेजन प्रोटीन की सॉलिड स्टेट एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - 10-12 अक्टूबर, 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में ट्रैफिकइन्फ्राटेक एक्सपो 2023 के 11वें ऐडिशन में भाग लिया।
    - वर्मा इंडस्ट्रीज के सहयोग से 19 अक्टूबर, 2023 को रिजुपेव टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हॉट-इन-प्लांट रोड रीसाइक्लिंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - मरीन ऐल्गे रिसर्च स्टेशन, मंडपम कैंप, तमिलनाडु में 9-11 अक्टूबर, 2023 तक समुद्री शैवाल खेती और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एचआरडीसी**
    - 19-20 अक्टूबर, 2023 के दौरान अनुसंधान और शासन प्रणाली से सम्बन्धित नैतिकता पर कार्यक्रम।
- क्षमता निर्माण कार्यक्रम: 26-27 अक्टूबर, 2023 के दौरान आईटी अधिकारियों का फोरम।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
    - 5 अक्टूबर, 2023 को जीसीपी दिशानिर्देश और आचार समिति (एथिक्स कमेटी) की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - 09 अक्टूकर, 2023 को ब्लॉक किलाड़ (पांगी), जिला चम्बा के किसानों के लिए हींग और सुगंधित फसलों की कृषि प्रौद्योगिकी पर खेत में (ऑन-फार्म) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों सहित इसमें 21 किसानों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - 27 अक्टूबर, 2023 को इंस्टीट्यूट ऑफ पेस्टिसाइड फॉर्मूलेशन (आईपीएफटी), नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) के साथ आईएसओ/आईईसी17025:2017 के अनुसार पेस्टीसाइड फॉर्मूलेशन्स और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली में नवीन प्रौद्योगिकियों पर संयुक्त रूप से एक उद्योग वार्ता बैठक का आयोजन किया गया।
    - 6 अक्टूबर 2023 को माल्वर्न पैनालिटिकल सॉल्यूशंस के साथ सॉलिड-स्टेट कैरेक्टराइजेशन और बायोफार्मास्युटिकल पर संयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
    - श्रीनगर शाखा में दिनांक 28-10-2023 से दिनांक 06-11-2023 तक ग्रामीण विकास हेतु औषधीय और सुगंधित पौधों में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अन्तराक्षेपों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 26 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं।
    - दिनांक 26-10-23 और दिनांक 27-10-23 को क्रमशः आईआईआईएम शाखा कार्यालय श्रीनगर में सीएसआईआर अरोमा मिशन और सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन की दो संचालन समिति बैठकों की मेजबानी की। विभिन्न प्रयोगशालाओं के निदेशकों, प्रमुखों और वैज्ञानिकों ने इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से और ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - 16-20 अक्टूबर, 2023 के दौरान दून विश्वविद्यालय, देहरादून में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी में भाग लिया।
    - 18-19 अक्टूबर, 2023 के दौरान प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के अग्नि मिशन के कार्यालय के सहयोग से यूसीओएसटी द्वारा चंपावत में एक फील्ड टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी की योजना बनाई गई और सीएसआईआर-आईआईपी ने चंपावत में अपनी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।
    - 20-22 अक्टूबर, 2023 के दौरान हरिद्वार, उत्तराखंड में वाइब्रेंट उत्तराखंड एक्सपो में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईटीडी**
    - सीएसआईआर-एचआरडीसी में 26-27 अक्टूबर 2023 को सीएसआईआर-एफआईटीओ (आईटी अधिकारियों का मंच) की बैठक आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - केरल एकेडमी ऑफ साइंसेज फेलोशिप सम्मान समारोह का सह-आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
    - 13 अक्टूबर, 2023 को सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन के अन्तर्गत सीएसआईआर-सीमैप और आईएफएबी के सहयोग से आईएफएबी, बेंगलुरु में पुष्प कृषि मेले का आयोजन किया गया। इसमें 109 किसानों ने भाग लिया।
    - 8-10 अक्टूबर 2023 के दौरान सीएस आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी कानपुर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी में भाग लिया और विभिन्न प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
    - विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के महानिदेशक श्री डेरेन टैंग और डब्ल्यूआईपीओ के अन्य प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने 12 अक्टूबर 2023 को सीएसआईआर-ट्रेडीशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) सुविधा का दौरा किया और सीएसआईआर इनोवेशन सिस्टम, टीकेडीएल,

सीएसआईआर टेक्नोलॉजीज, और सीएसआईआर की वर्तमान आईपी शक्ति एवं रणनीति पर चर्चा में भाग लिया।

  - डॉ. माइकल हार्म्स, उप महासचिव, डीएएडी, जर्मनी के नेतृत्व में एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआईआर-डीएएडी सहयोग करार के आदान-प्रदान और एसीएसआईआर (AcSIR), भारत के साथ सहयोग की तलाश में सीएसआईआर का दौरा किया।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - प्रोफेसर विनोद के. सिंह, (पद्म श्री पुरस्कार विजेता), चेयर प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर, पूर्व निदेशक, आईआईएसईआर, भोपाल, अध्यक्ष अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर - एएमपीआरआई, भोपाल और सदस्य, सीएसआईआर सोसायटी ने 16 अक्टूबर, 2023 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सीएसआईआर-एएमपीआरआई भोपाल का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - प्रोफेसर एच इला को दिनांक 10-10-2023 को हेटरोसायल्स सिंथेसिस में नई दिशाओं पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के अपर सचिव श्री राजीव सिंह ठाकुर ने डीपीआईआईटी के सहयोग से सीएलआरआई में शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया और उनकी समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एफएलएडीपी योजना के अन्तर्गत सीईपीटी के उन्नयन में शामिल विशेष प्रयोजन से सम्बन्धित वाहनों (स्पेशल पर्पज़ व्हीकल्स) के विषय में प्रबंधन सदस्यों से बातचीत की और परियोजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - डॉ. सुगंधा चौहान (वरिष्ठ पीयूएम विशेषज्ञ), नीदरलैंड ने 21-24 अक्टूबर 2023 के दौरान दौरा किया। यात्रा के दौरान उन्होंने संस्थान की रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों और विद्वानों के साथ वार्ता की और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग और सहयोगात्मक अनुसंधान के अवसरों के विषय में जानकारी प्रदान की।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - प्रो. सुकदेव भोई, कुलपति, बीबीएमकेयू धनबाद दिनांक 29.09.2023 को हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह (समापन समारोह) के मुख्य अतिथि थे।
  - श्री पीएम प्रसाद, सीएमडी, सीआईएल दिनांक 04.10.2023 को 82वें सीएसआईआर स्थापना दिवस-2023 पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - 2 से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 मनाया गया। श्री एन.वी. उपाध्याय, आईएएस, नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - 25 अक्टूबर 2023 को केएएस फ़ेलोशिप सम्मान समारोह 2023 आयोजित किया गया। केरल के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मुख्य अतिथि थे और श्री एस.सोमनाथ, इसरो अध्यक्ष तथा डॉ. सी. आनन्दरामकृष्णन, निदेशक, सीएसआईआर-एनआईआईएसटी जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों को फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

**कोविड से संबंधित विकास/अनुसंधान**

- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
    - पूर्व एकत्रित अस्पताल में भर्ती किए गए कोविड-19 रोगियों से सम्बन्धित होस्ट रिस्पॉन्स स्टडी विभिन्न रोग गंभीरताओं (हल्के, मध्यम, गंभीर) और चिकित्सीय परिणामों (ठीक होने और मृत्यु दर) में सार्स-कोव-2 के वेरिएंट्स ऑफ कंसर्न (VOCs) की संभावित भूमिका को समझने हेतु जारी है।
    - कोविड-19 या टीकाकरण वाले रोगियों में टी सेल प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करना।

**India@75 या *आज़ादी का अमृत महोत्सव*भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - 3 अक्टूबर, 2023 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।
    - हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत, 3 अक्टूबर, 2023 को सीएसआईआर-सीडीआरआई के कर्मचारियों और छात्रों के लिए एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0-आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। 31 अक्टूबर, 2023 को संस्थान परिसर में फ्रीडम रन का आयोजन किया गया।
    - 2 अक्टूबर, 2023 को गांधी जयंती मनाई गई, 2 अक्टूबर, 2023 को परिसर में श्रमदान गतिविधि भी की गई।
    - सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के दौरान, लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण (पीआईडीपीआई) संकल्प के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए निम्नांकित कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।
        - 17 अक्टूबर, 2023 को सीएसआईआर-सीईसीआरआई कॉलोनी के निवासी।
        - 18 अक्टूबर, 2023 को सभी कर्मचारियों, विक्रेताओं, रिसर्च स्कॉलरों और संविदा कर्मियों आदि को जागरूक करना।
    - 31 अक्टूबर, 2023 को स्वर्गीय श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने प्रभागों/अनुभागों में स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - दिनांक 04.10.2023 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस-2023 मनाया गया।
    - दिनांक 27.10.2023 को "टीपीएस क्लोज़र एंड फ्यूचर प्लान फॉर आरक्यूर सेन्टर्स" पर आउटस्टैण्डिंग साइंटिस्ट डॉ. पी.के. बनर्जी द्वारा प्रस्तुति दी गई।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - 03 अक्टूबर 2023 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया। एवी थॉमस ग्रुप के अध्यक्ष श्री हबीब हुसैन ने समारोह की अध्यक्षता की।
    - सोसाइटी फॉर पॉलिमर साइंस, इंडिया (एसपीएसआई), सीएसआईआर-सीएलआरआई, मद्रास विश्वविद्यालय और विज्ञान अकादमी, चेन्नई ने संयुक्त रूप से 03 अक्टूबर 2023 को प्रोफेसर

एम. संतप्पा की जन्म शताब्दी का जश्न मनाया। श्री अजीत कुमार सेठ, भारत के पूर्व कैबिनेट सचिव और डिस्टिंगुइश्ड पीएसए फेलो मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। मद्रास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एसपी त्यागराजन ने इस समारोह की अध्यक्षता की।

  - डॉ. पारुचुरी गंगाधर राव, पूर्व प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, सीएसआईआर और पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-एनईआईएसटी द्वारा 03 अक्टूबर 2023 को मूविंग फ्रॉम ऑर्डिनरी टू एक्स्ट्राऑर्डिनरी विषय पर राघवन मेमोरियल लेक्चर 2023 प्रस्तुत किया गया।
  - यूओएम और एसपीएसआई के सहयोग से, दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को संतप्पा सेंटेनरी लेक्चर (व्याख्यान) आयोजित किया गया। प्रोफेसर रामास्वामी नागराजन, डिस्टिंगुइश्ड यूनिवर्सिटी प्रोफेसर और हीरोज़ के सह-निदेशक, यूनिवर्सिटी ऑफ मैसचेस्टस, यूएसए ने पॉलिमर्स एंड सस्टेनेबिलिटी: प्रोग्रेस थ्रू इंटरडिसिप्लीनरी विषय पर व्याख्यान दिया।
  - 30 अक्टूबर, 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2023 मनाया गया। निदेशक और स्टाफ सदस्यों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण की गई, रिसर्च स्कॉलरों और कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण की।

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - 31 अक्टूबर, 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस (नेशनल यूनिटी डे) मनाई गई।
  - सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का उद्घाटन दिनांक 30.10.2023 को किया गया। निदेशक द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई।
  - दिनांक 25.10.2023 को आयुर्वेद दिवस 2023 मनाया गया। सेंट्रल आयुर्वेद रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीएआरआई), कोलकाता के अनुसंधान अधिकारी (आयु.) डॉ. शक्ति भूषण ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। सीएआरआई के अनुसंधान अधिकारी (आयु.) डॉ. शक्ति भूषण और डॉ. सुपर्णा साहा ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।
  - स्वच्छ भारत मिशन विशेष अभियान 3.0 के अंतर्गत दिनांक 02.10.2023 को कार्यालय परिसर में मैकेनाइज्ड ड्रेन क्लीनिंग मशीन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।
  - दिनांक 06.10.23 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीएमईआरआई और आईआईटी गुवाहाटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर गौतम विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
  - दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
- 02-31 अक्टूबर, 2023 के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 मनाया गया। इस उत्सव के अंश के रूप में, दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को संस्थान में निदेशक प्रोफेसर मनोरंजन परिदा के नेतृत्व में एक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया और संस्थान के कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया। इसके अतिरिक्त, 4 अक्टूबर, 2023 को सीएसआईआर के पूर्व संयुक्त सचिव, श्री निखिलेश झा, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा "सैनीटेशन कल्चर एंड सोशल चेंज" विशेष पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - 02-31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता विशेष अभियान 3.0 मनाया गया, अपने कार्यालय परिसर के साथ-साथ मंडपम के फील्ड स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए स्टाफ सदस्यों ने 02 अक्टूबर 2023 को श्रम दान किया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को भारतीय मानक ब्यूरो, हैदराबाद के साथ संयुक्त रूप से मानक महोत्सव का आयोजन किया गया।
  - प्रोफेसर रॉडरिक बेट्स, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर ने दिनांक 3 अक्टूबर, 2023 को मिस्टेक्स एंड मिसकंडक्ट पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - दिनांक 09-10-2023 को 82वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पदम श्री प्रोफेसर विनोद के. सिंह, राहुल और नमिता गौतम चेयर प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर, भारतीय विज्ञान के प्रतिष्ठित विद्वान मुख्य अतिथि थे और उन्होंने टुवर्ड्स ऐक्सीलेंस इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - स्वच्छता में सुधार लाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए 2-31 अक्टूबर 2023 तक विशेष अभियान 3.0 आयोजित किया गया। निदेशक द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान 3.0 का शुभारंभ किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - 10 अक्टूबर 2023 को स्थापना दिवस मनाया गया
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - 25 अक्टूबर, 2023 को सीएसआईआर-एनबीआरआई का 70वां वार्षिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर, डॉ. आनंद कुमार सिंह, कुलपति, चंद्र शेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर समारोह के मुख्य अतिथि थे और डॉ. वीके मिश्रा, निदेशक, आईसीएआर अनुसंधान परिसर, एनईएच क्षेत्र, उमियाम, मेघालय ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती मनाई गई और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।
  - सीएसआईआर-एनआईआईएसटी और सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया। भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष, पद्म भूषण डॉ. कृष्णा एम. एला ने स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - विश्व खाद्य दिवस (वर्ल्ड फूड डे) 2023 मनाया गया। निदेशक, सीएसआईआर-एनआईआईएसटी ने फूड आर्किटेक्चर पर विश्व खाद्य दिवस व्याख्यान प्रस्तुत किया , जिसके बाद शाकाहारी भोजन और प्रसंस्कृत भोजन से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा हुई।
  - सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक ने तंजावुर में उझावांस कुक्की की नई इकाई का उद्घाटन किया, जो सीएसआईआर-एनआईआईएसटी और एनआईएफटीईएम, तंजावुर द्वारा मार्गदर्शित बाजरा और पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण हेतु एक स्टार्टअप इकाई है।
  - 28 अक्टूबर 2023 को फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया।
  - 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है
  - 31 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - डॉ. प्रकाश चौहान निदेशक, राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो, हैदराबाद ने 6 अक्टूबर, 2023 को स्थापना दिवस के अवसर पर एक्सप्लोरेशन ऑफ मून: न्यू इनसाइट्स फ्रॉम इंडियन ल्यूनर एक्सप्लोरेशन मिशन्स पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - 02 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्टाफ सदस्यों ने स्वच्छता कार्यक्रम के लिए एक घंटे के श्रमदान में भाग लिया।
    - 4 अक्टूबर, 2023 को 82वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया गया।
    - रौतारा ग्राम पंचायत में सतर्कता के महत्व और भ्रष्टाचार के प्रतिकूल प्रभाव के विषय में जागरूकता बढ़ाकर और निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन करके सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया।
    - फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का समापन 31 अक्टूबर 2023 को यूनिटी रन के साथ हुआ। बेहतर स्वास्थ्य की तलाश में लोगों में चलने और दौड़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" थीम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - राष्ट्रीय एकता दिवस 2023 (नेशनल यूनिटी डे) मनाया गया और 31 अक्टूबर 2023 को शपथ ग्रहण की गई।
    - 02 - 31 अक्टूबर 2023 के दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत थीम के साथ फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया।
    - 02 अक्टूबर 2023 को श्रमधन दिवस के रूप में श्रमधन दिवस गांधी जयंती मनायी गई। 02 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता शपथ (प्रतिज्ञा) ग्रहण की गई।
    - 30 अक्टूबर से 06 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया गया, जिसका विषय था भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। 30 अक्टूबर 2023 को शपथ ग्रहण की गई।

**विभागीय गतिविधियां**

डीएसआईआर का अधिदेश प्रौद्योगिकी प्रोन्नयन, विकास और इसके उपयोग के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।विभाग का औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास प्रोन्नयन कार्यक्रम देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और पोषित करने के लिए, उद्योगों की इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता देता है और पंजीकरण करता है, ना कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ),सार्वजनकि वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए और समय-समय पर इन मान्यता/पंजीकरण को संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर संशोधित) के तहत नवीनीकृत करता है। जिनमें से ये संगठन उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास (आईटी अधिनियम की धारा 35(2एबी) के तहत) सीमा शुल्क छूट और भारित कर कटौती प्राप्त करने में योग्य हैं।यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने में सहायता करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम(आईआरडीपीपी)**
**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 5 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों को रिकाग्निशन दिया गया और 5 को रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।
- उद्योगों की 41 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों को रिकाग्निशन का रिनीवल कर दिया गया और 41 के रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्रों का रिनीवल किया गया।

**'वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (साइरो)**

- 8 साइरो को रिकाग्निशन किया गया और 5 को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र दिया गया।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान(पीएफआरआई)**

- 4 पीएफआरआई रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र का रिनीवल किया गया।

**आई टी अधिनियम 1961 की धारा 35 (2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए वित्तीय प्रोत्साहन**

• उद्योग की 1 इन-हाउस आर एंड डी इकाई को अप्रूवल दिया गया और 1 को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35 (2 एबी) के तहत फॉर्म 3 सीएम अप्रूवल बढ़ा दिया गया।

• आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2 एबी) के तहत वित्तीय लाभ के लिए सीसीआईटी (ई) को 1203.66 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को प्रमाणित करने वाली फॉर्म 3 सीएल में 12 रिपोर्टें जारी की गईं।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं अर्थात (i) वैकतयिक,स्टार्ट-अप्स एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं, या सेवाओं का रूप ले सकने वाले प्रदर्शन योग्य मॉडल / प्रोटोटाइप / प्रक्रियाओं में; और उन्हें इनक्यूबेटी/तकनीकी-उद्यमी बनने में सहायता करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पेस), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का निर्माण और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू करने के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्रों को भी आगामी अध्ययन और सम्मेलन मे शामिल किया जाएगा।

**वैकतयिक स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना:**
इस अवधि के दौरान 2 परियोजनाएं अर्थात् "इन्फ्यूजन फ्लो मॉनिटरिंग डिवाइस" और "हरित प्रौद्योगिकी के रूप में पोर्टेबल माइक्रो-घर्षण हलचल वेल्डिंग मशीन का विकास" सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।

**सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (सीआरटीडीएच) योजना:**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के सीआरटीडीएच कार्यक्रम के तहत 13 अक्टूबर 2023 को दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू), नई दिल्ली में "सीआरटीडीएच सशक्तीकरण

एमएसएमई" पर एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया था। चिंतन शिविर का ध्यान अनुवाद संबंधी अनुसंधान को सुदृढ़ करने और एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित था ताकि वैज्ञानिक ज्ञान, विचारों और आविष्कारों और विपणन योग्य उत्पादों और सेवाओं के रूप में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को कम किया जा सके।

**योजना एर2के+: अध्ययन**

• निम्नलिखित पांच विषयों पर 'एर2के+ अध्ययन' के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु आह्वाहन किया गया था :

**क.** किफायती और स्वच्छ ऊर्जा (किफायती और विश्वसनीय और आधुनिक ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करना) - स्वच्छ ऊर्जा में नवाचार हेतु सार्वजनिक और निजी पूँजी हेतु का अनुसंधान और विकास सहायता और सहयोग करना

**ख.** महिला और प्रौद्योगिकी: महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हेतु एसटीआई निवेश और नीतिगत दूरदर्शिता।

**ग.** भारत की तकनीकी आयात देनदारियाँ और आयात प्रतिस्थापन संबंधित एस एंड टी हस्तक्षेप के लिए रूपरेखा और कार्यप्रणाली का विकास।

**घ.** भारत में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और नवाचार परिदृश्य को सुदृढ़ करने के लिए वित्त पोषण तंत्र।

**ड़.** स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि, स्मार्ट शहर और बुनियादी ढांचे और स्मार्ट गतिशीलता और परिवहन जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रौद्योगिकियों का दायरा।

• डीएसआईआर-एर2के + अध्ययन कार्यक्रम के तहत आरजीयूकेटी बसर द्वारा प्लास्टिक कचरे को रचनात्मक और उपयोगी सामग्रियों में परिवर्तित करने संबंधित एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में प्लास्टिक कचरे को रचनात्मक और उपयोगी सामग्रियों में परिवर्तित करने के क्षेत्र में इन संस्थाओं द्वारा उठाए गए उपायों का पता लगाने और चर्चा करने के लिए डीएसआईआर वैज्ञानिकों, उद्योग, अनुसंधान संगठनों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं सहित सरकारी निकायों के विशेषज्ञों की भागीदारी थी।

• "भारत में अस्पताल के अपशिष्ट जल उपचार के लिए इसके पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी विकास झिल्लियों पर शोध पर एक अध्ययन रिपोर्ट" नामक एक नए अध्ययन को डीएसआईआर के तहत अध्ययन कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (सीएसई), एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा विभाग को एर2के+ के तहत सहायता दिया गया था।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्ल्यू / एर2के+:**

• मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिला उद्यमियों की तकनीकी क्षमता निर्माण के उद्देश्य से एक नए कौशल उपग्रह केंद्र के निर्माण का पुरस्कार पीएसजीआर कृष्णम्मल कॉलेज फॉर वुमेन पीलामेडु, कोयंबटूर को दिया गया।

• "रेशम उत्पादन मूल्य संवर्धन प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कृषि और ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास" नामक एक नई परियोजना वन कॉलेज और अनुसंधान संस्थान (एफसीआरआई), तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू), मेट्टुपालयम, तमिलनाडु को प्रदान की गई।

प्रौद्योगिकी परिनियोजन और प्रसार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य रखने वाली विभिन्न चल रही टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के तहत 137 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**विभाग में आयोजित कार्यक्रम/विशेष अभियान**

• 31.10.2023 को डीएसआईआर, प्रौद्योगिकी भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक प्रतिज्ञा समारोह आयोजित किया गया।
• विभाग में स्वच्छता अभियान के एक भाग के रूप में 10646 भौतिक फाइलों की समीक्षा की गई और 1882 भौतिक फाइलों को हटा दिया गया।
• विभाग ने विशेष अभियान 3.0 के दौरान 37 ट्वीट और 2 प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) वक्तव्य जारी किए।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से दोहन करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से देश में कई उत्पाद विकसित किए हैं और यह सौर फोटोवोल्टिक सिस्टम, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखता है।

• अक्टूबर, 2023 के दौरान कंपनी ने 2023.02 लाख रुपये के मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/सिस्टमों/एसपीवी उत्पादों का निर्माण किया।

• अक्टूबर, 2023 के दौरान 1835.54 लाख रुपये के मूल्य की वस्तुओं की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों और व्यक्तिगत अन्वेषकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों का पोषण करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ़ करने पर जोर देना जारी रखा है।

• माह के दौरान व्यावसायीकरण हेतु निम्नलिखित छः प्रौद्योगिकियों को एनआरडीसी को सुपुर्द किया गया था:

• तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर द्वारा अर्ध-स्वचालित बीज घन बनाने की मशीन का निर्माण।

• सीएसटीआरआई (सीएसबी), बेंगलुरु द्वारा कम्प्यूटरीकृत ज़री परीक्षण के लिए प्रोटोकॉल का विकास और सत्यापन।

• सीएसटीआरआई (सीएसबी), बेंगलुरु द्वारा स्थिरता के लिए बेकार रेशम सामग्री/अपशिष्ट के पुनर्चक्रण के नए तरीके।

• सीएसटीआरआई (सीएसबी), बेंगलुरु द्वारा रिंकल प्रतिरोधी और उच्च ड्रेप सिल्क कपड़ों का विकास और विशेषताओं का वर्णन।

• सीएसटीआरआई (सीएसबी), बेंगलुरु द्वारा रक्षा विभाग में सू बैटल टैंक इंजनों के लिए विशेष प्रयोजन रेशम धागे का विकास।

• संजीवनी फाउंडेशन फॉर हेल्थ एजुकेशन एंड एनवायरनमेंट रिसर्च एक्शन (एसएफएचईआरए) द्वारा उत्तराखंड की अज्ञात अधिक ऊंचाई वाली वानिकी प्रजातियों- अरुंडीनारिया फाल्काटा (रिंगल) से व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य प्रौद्योगिकियों का विकास।

• आईपी पोर्टफोलियो प्रबंधन और प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण सेवाएं प्रदान करने के लिए निम्नलिखित संस्थानों के साथ 10 एमओयू/एमओए पर हस्ताक्षर किए गए:

• एनआईडी एमपी

• आईसेक्ट ग्रुप, भोपाल

• श्री वेंकट राममोहन रामचन्द्रुला

• संजीवनी फाउंडेशन फॉर हेल्थ एजुकेशन एंड एनवायरनमेंट रिसर्च एक्शन (एसएफएचईआरए), नई दिल्ली

• एनआईपीईआर गुवाहाटी

• श्री वेंकट राममोहन रामचन्द्रुला

• अरुणोदय मेरेकोन प्राइवेट लिमिटेड

• एनआईओटी (नवीकरण)

• आईआईटी, रूड़की

•भुवनेश्वर सिटी नॉलेज इनोवेशन क्लस्टर फाउंडेशन

• आईपी वैल्यूएशन और इनोवेशन ट्रांसलेशन पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन डेनमार्क के आरहस यूनिवर्सिटी के डॉ. एरिक हॉलग्रेन, डॉ. मोर्टेन होल्मर और एनआरडीसी, नई दिल्ली में डेनिश दूतावास के डॉ. लुईस बोइसन के साथ श्री साइमन स्करहोज द्वारा किया गया था।

********************